तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 16 नवंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोंड़ीउपरोड़ा

4 वीपीसीएल में कोरबा पश्चिम व अंबिकापुर ने दर्ज की अपनी पहली जीत



## खबर संक्षेप

### संत नामदेव जयंती का आयोजन आज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ पटवा नामदेव समाज द्वारा 16 नवंबर को वीर सावरकर भवन निहारिका में संत नामदेव महाराज की 555वीं जयंती समारोह का आयोजन उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं सभापति नूतन सिंह ठाकुर के विशिष्ट आतिथ्य में किया जाएगा। इस अवसर पर पटवा समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष राघवेन्द्र नामदेव, केन्द्रीय सचिव सौरभ, जिला अध्यक्ष शशिकांत पटवा ने बताया कि कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शोभायात्रा से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। जिसमें समाज के सदस्य शामिल होंगे। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत करने के साथ वृद्धजनों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही सम्मेलन में सामाजिक परिचर्चा का भी आयोजन किया गया है।

### डिस्ट्रिक्ट लेवल योगासना स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप का आयोजन 7 को

**कोरबा।** डिस्ट्रिक्ट लेवल योगासना स्पोर्ट्सह चैम्पियनशिप का आयोजन 7 दिसंबर को गीतांजलि भवन पुराना बस स्टैंड कोरबा में सुबह 9 बजे से आयोजित किया गया है। यह प्रतियोगिता महिलाओं के लिए आयोजित किया गया है, इसमें तीन आयु वर्ग 18 से 24 वर्ष, 25 से 35 वर्ष एवं 36 से 45 वर्ष की महिलाएं प्रतियोगता में हिस्सा ले सकती हैं। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं।

### पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए हुई बैठक

**कोरबा।** शौर्य और समृद्धि अभियान को अखिल विश्व गायत्री परिवार ने विशेष रूप से हाथ में लिया है। इसके अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में गायत्री महायज्ञ की परंपरा शुरू की गई है। शारदा विहार में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन दिसंबर महीने में होगा इसके लिए योजना बैठक रखी गई जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अखिल विश्व गायत्री परिवार के सदस्यों के अलावा कॉलोनी के नागरिकों की उपस्थिति बैठक में रही। बैठक में गायत्री महायज्ञ की आवश्यकता और इसकी महत्ता पर विचार हुआ। यहां पर गायत्री महायज्ञ का आयोजन के बारे में जानकारी दी गई। सभी ने ध्वनि मत से इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी और हर संभव सहयोग का विश्वास दिलाया। बैठक में आवश्यक तैयारियों के लिए लोगों ने जिम्मेदारी ली। बताया गया की तीन दिन तक इस अनुष्ठान का संचालन होगा। दुर्गा पूजा पंडाल परिसर में इन गतिविधियों का संपादन होगा। यज्ञ संपन्न करने वाली टीम के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं मौके पर की जाएंगी। यज्ञ की सफलता के लिए अभी से प्रयास तेज कर दिए गए हैं। गायत्री महामंत्र और शांति पाठ के साथ बैठक का समापन हुआ।

### कलार समाज 16 को मनाएगा भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती

**गेवरा दीपका।** जयसवाल कलार समाज दीपका द्वारा 16 नवंबर को सहस्त्रबाहु जयंती मनाया जाएगा। इस दौरान शोभायात्रा निकाला जाएगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं 20 सूत्री कार्यक्रम मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व खाद्य आयोग के अध्यक्ष ज्योतिनंद दुबे, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, जिला पंचायत उपाध्यक्ष निकिता मुकेश जायसवाल, कटघोरा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राज जायसवाल, नगर पंचायत पाली के अध्यक्ष अजय जायसवाल, प्रगतिशील जयसवाल कनौजिया कलार समाज के अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय जायसवाल वरिष्ठ श्रमिक नेता एवं हिंद मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशम लाल यादव नगर पालिका परिषद दीपका के अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत उपस्थित रहेंगे।

## तेरहवें दिन भी संभागीय मुख्यालय में धरने पर डटे रहे फड़ प्रभारी

# दो केंद्रों में हुई 40 क्विंटल धान की खरीदी, शेष केंद्रों में अधिकारियों के नहीं पहुंचने से पसरा रहा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में पाली और सोनपुरी उपार्जन केंद्रों में 40 क्विंटल धान खरीदी के साथ जिला प्रशासन ने बोहनी तो करा दी किंतु शेष खरीदी केंद्रों में विभागीय अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर सन्नाटा पसरा रहा। जबकि शासन ने खरीदी कार्य से जुड़े अधिकारियों पर खरीदी कार्य के लिए एस्मा लगाया है। इधर 13वें दिन भी संभागीय मुख्यालय के धरने में जिले के फड़ प्रभारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ के द्वारा पिछले दो सप्ताह से अपनी चार सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर चले जाने से जिले के 65 धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की प्रक्रिया ठप्प होती नजर आ रही है। लगभग 250 समिति कर्मचारी हड़ताल पर अडिग बने हुए हैं इससे निपटने के लिए शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और सहकारिता निरीक्षकों सहित फूड इंस्पेक्टर की ड्यूटी लगाई गई है ताकि इनके माध्यम से धान की खरीदी कराई जा सके लेकिन ये तीनों विभागों के अधिकारी भी धान खरीदी की शुरुआत करने समितियों में नहीं पहुंचे जिससे इन समितियों में सन्नाटा पसरा रहा। जबकि इसके पूर्व धान खरीदी शुरु होते ही उपार्जन केंद्रों में चहल पहल शुरु हो जाती थी।



धान खरीदी का शुभारंभ करते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन।



समिति में पसरा सन्नाटा

### 65 उपार्जन केंद्र और 4 में ही नियमित प्रबंधक पदस्थ

जिले में 65 उपार्जन केंद्र हैं जिनमें 60 सहकारी समितियां हैं जिनके अंतर्गत उपार्जन केंद्र आते हैं। इन उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी समितियों के माध्यम से होती है। इन 60 सहकारी समितियों में केवल 4 समितियों में ही नियमित प्रबंधक पदस्थ हैं। शेष समितियों में संविदा की दर पर समिति प्रबंधक पदस्थ हैं जिनके द्वारा लंबे समय से धान खरीदी की जा रही है। जो इस समय हड़ताल में शामिल हैं।

### एस्मा सरकारी कर्मचारियों के लिए

शासन के द्वारा जो एस्मा लगाया गया है उसके दायरे में सरकारी कर्मचारी आते हैं। धान खरीदी करने वाले जो भी कर्मचारी हैं वह सभी समिति के अंतर्गत काम करते हैं। ऐसी स्थिति में समिति के कर्मचारी एस्मा के दायरे में नहीं आते हैं।

**- विनोद कुमार भट्ट,** जिला अध्यक्ष, छग सहकारी समिति कर्मचारी संघ

हालांकि जिला प्रशासन ने कोरबा जनपद अंतर्गत आने वाले ग्राम सोनपुरी के उपार्जन केंद्र में धान खरीदी की शुरुआत उद्योग मंत्री लखन देवांगन से करवा दी है। जिसमें किसान फूल सिंह राठिया ने 10 क्विंटल धान बेचा है। धान बेचने वाले किसान को बैंक सुपरवाईजर जमाल खान के द्वारा 500 रूपये का पुरस्कार दिया गया। वहीं पाली जनपद अंतर्गत पाली उपार्जन केंद्र में देव सिंह नामक किसान ने 30 क्विंटल धान की बिक्री की है। इस तरह पहले दिन 40 क्विंटल धान खरीदी के साथ खरीदी की शुरुआत तो हो गई।

### ये कर्मचारी हैं हड़ताल पर



प्रत्येक समितियों में 4 से 5 कर्मचारी रहते हैं जिनमें समिति प्रबंधक, फड़ प्रभारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर और चौकीदार इनके अलावा 10 से 15 हमालों की सेवाएं प्रत्येक केंद्रों में रहती है। 4 प्रमुख कर्मचारियों के साथ हमाल भी हड़ताल में शामिल हो गए हैं। इस तरह 250 से अधिक कर्मचारी हड़ताल में शामिल है। इधर प्रशासन ने जिन अधिकारियों की ड्यूटी धान खरीदी केंद्र में लगाई गई है वह पहले दिन ही केंद्रों में नहीं पहुंचे हैं। जिससे आने वाले दिनों में खरीदी कैसे होगी इसे लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है।

### दो केंद्रों का ही कटा था टोकन

सोनपुरी और पाली धान उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी हुई है। दोनों उपार्जन केंद्रों के लिए किसानों ने अपने टोकन कटवाए थे। उक्त टोकन के आधार पर सोनपुरी में 10 और पाली में 30 क्विंटल धान की खरीदी हुई है।

**- घनश्याम सिंह कंवर,** नोडल अधिकारी

# स्टैंडिंग कमेटी ऑन सेफ्टी में उठा कोयला चोरी और प्रदूषण का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्टैंडिंग कमेटी ऑन सेफ्टी की नई दिल्ली में आयोजित बैठक में कई सदस्यों ने कोयला चोरी और प्रदूषण का मुद्दा उठाया। कोयला चोरी से राजस्व नुकसान के साथ सुरक्षा से संबंधित मुद्दा भी बताया गया। आए दिन घटनाएं हो रही हैं, जो रिकॉर्ड में नहीं हैं। कार्रवाई नहीं हो रही है। बैठक में ठेका मजदूरों की स्थिति भी चर्चा हुई।

**खास बात**

- महिलाओं को भर्ती में 33 प्रतिशत आरक्षण का मुद्दा गरमाया

स्टैंडिंग कमेटी ऑन सेफ्टी की बैठक में सदस्यों ने मांग रखी है कि ठेका मजदूरों से संबंधित विषयों को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के दायरे में लाया जाए। आज भी ठेका मजदूरों को हाईपावर कमेटी का वेतन नहीं मिल रहा है। कोल माइन रेगुलेशन 1957 से 2017 तक सुरक्षा की स्थिति यथावत है। एक सदस्य ने कहा कि बीसीसीएल में डस्ट को रोकने के लिए स्मोग टावर, ग्रीन कॉरिडोर, चैनल, डस्ट कलेक्टर, रोड स्वीपर, व्हील वाशिंग प्वांइट, वाटर स्प्रिंग किलर लगाए जाएं। महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए माइंस एक्ट के सेक्शन 46 के संशोधन उपरांत कार्य पर लगाया जाए। महिलाओं को भर्ती में 33 प्रतिशत आरक्षण मिले। माइंस के प्रोजेक्ट रिपोर्ट के अनुसार खदानों का संचालन हो। नियमित बैंक फिलिंग ओसीएम में सुनिश्चित की जाए। कोल इंडिया में बढ़ रही दुर्घटनाओं में ठेकेदार के डीम्ड ओनर, एजेंट और वैधानिक पदों पर कार्यरत सुपरवाइजरों की जवाबदेही तय हो। कंपनी के डीटी एजीएम और एजेंट को दायरे में लाया जाए। वैधानिक पदों की कमी को अविलंब दूर किया जाए। स्ट्रिक्टेड सर्टिफिकेट होल्डर्स के बारे में एक मोडिलिटी कोल इंडिया एपेक्स बॉडी के साथ बैठक कर नियोजन सुनिश्चित किया जाए। सुरक्षा को लेकर साइडिंग, रोड सेल और लीज होल्ड एरिया के लिए डीजीएमएस सर्कुलर जारी करे। अंडरग्राउंड माइन जो 120 मीटर से गहरी हैं कि साइंटिफिक स्टडी करा 450 एमटी कोयले को नई तकनीक से निकाला जाए। वर्षों से बंद पड़ी खुली खदान को पर्यटन के रूप में विकसित किया जाए। एयर एंबुलेंस की सुविधा हर कंपनी में हो।

### नशा मुक्त अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन 18 को

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने नशामुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर 18 नवम्बर को जिले के सभी ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगरीय निकायों, सभी स्कूलों, स्वैच्छिक संस्थाओं, कॉलेजों में व्यापक पैमाने पर नशे के विरुद्ध कार्यक्रम आयोजित करने के लिए निर्देश दिए है। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, नशे के विरुद्ध ऑनलाइन व ऑफलाइन शपथ एवं कॉलेज स्तर पर प्रतियोगिताएं व जनसभा सहित अन्य गतिविधियां शामिल है। कार्यक्रम का उद्देश्य नशामुक्त अभियान की उपलब्धियों को उजागर करना, सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाना और नशामुक्त समाज, सामूहिक प्रयासों को सुदृढ़ करना है।

# नकाबपोश बदमाशों ने की युवक की पिटाई, एटीएम से निकाले पैसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नकाब पहने बदमाशों ने एक युवक के साथ लूट और मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। घटना 10 नवंबर की रात ढोढ़ीपारा स्वागत गेट के पास हुई, जहां 4–5 अज्ञात आरोपियों ने महेश्वर साहू को रोककर बेरहमी से पीटा, उसका मोबाइल पासवर्ड खुलवाया और फिर उसे एटीएम तक ले जाकर पैसे निकलवाए। इसके बाद बदमाश मोबाइल और नकदी लेकर फरार हो गए। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

**खास बात**

- एटीम से नकदी निकालकर फरार हुए आरोपी

मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है जहां पीड़ित महेश्वर साहू ढेंगुरनाला कोहड़िया निवासी टीपी नगर स्थित मोबाइल दुकान में काम करता है। घटना वाली रात वह पानी छिड़काव के काम के लिए साइकिल से नगर निगम कार्यालय जा रहा था। इसी दौरान नशे में दिख रहे युवकों ने उसे रास्ते में रोककर गाली-गलौज की और रेलवे लाइन किनारे ले जाकर हाथ-मुक्कों और बाल्टी से मारपीट की घटना को अंजाम दिया। मारपीट में पीड़ित के चेहरे, नाक और सिर में गंभीर चोटें आईं। वारदात के बाद वह रात 12:30 बजे किसी तरह नगर निगम कार्यालय पहुंचा और वहां के गार्ड को सूचना दी। बाद में उसने परिजनों को खबर दी गई और सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज करायी गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ धारा 115(2), 126(2), 296, 3(5), 304(2), 351(3) के तहत मामला दर्ज कर उनकी पतासाजी शुरु कर दी है।



घटना स्थल की जांच करती पुलिस।

# हैवी ब्लास्टिंग, दीपका प्रबंधन बेसुध होकर कर रहा कोयला उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एसईसीएल दीपका प्रबंधन कोयला उत्खनन में बेसुध हो गया है कि उसे हरदीबाजार की घनी आबादी का तनिक भी ख्याल नहीं है। शनिवार की दोपहर 2.30 बजे आबादी क्षेत्र से महज 100-200 मीटर की दूरी पर हैवी ब्लास्टिंग किया जा रहा है, ब्लास्टिंग की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि घर कांपने लगे थे। ग्रामीणों का कहना है कि यह एसईसीएल दीपका प्रबंधन हरदीबाजार के लोगों को घर पर ही दफन करने की तैयारी है। सामने घना आबादी उसके बाद भी मिट्टी, कोयला फेस में इतनी तीव्रता की ब्लास्टिंग करना एसईसीएल दीपका प्रबंधन केवल कोयला निकालने के लिए लोगों की जिंदगी को सस्ती समझने लगी है। यह तो सीधे-सीधे लोगों पे प्राणघातक हमला है। न जाने कब मकान जमींदोज हो जाए। यदि इस क्षेत्रिय जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन ने गंभीरता पूर्वक ध्यान नहीं दिया तो आने वाले दिनों में कोई बढ़ी घटना घट सकती है। फिलहाल ग्रामीण दहशत में भी रहकर एसईसीएल दीपका प्रबंधन से अपनी जायज मांगों के लिए शांति पूर्वक जनजागरण रैली तो धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

**खास बात**

- हरदीबाजार की घनी आबादी हो रही है प्रभावित, ब्लॉस्टिंग से 100 मीटर देर के घरों में हुआ कंपन



ब्लॉस्टिंग से उठता धूल का गुबार।




भगवान सहस्रबाहु जयंती शोभायात्रा एवं स्नेह सम्मेलन 2025
दीपका में आए समस्त अतिथियों का
दिनांक : 16 नवम्बर 2025, रविवार
स्थान : स्नेहमिलन प्रगति नगर दीपका
मुख्य अतिथि
मा.श्री श्याम बिहारी जायसवाल
मंत्री छ.ग. शासन
(लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण चिकित्सा शिक्षा,
पिछड़ावर्ग एवं अल्प संख्यक विकास, 20 सूत्रीय कार्यक्रम)
मा.श्री प्रेमचंद पटेल
(विधायक, कटघोरा वि.सभा क्षेत्र)
मा.श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल
(उपाध्यक्ष जि.पं.कोरबा)
मा.श्री ज्योतिनंद दुबे
(अध्यक्ष, पूर्व खाद्य आयोग)
मा.श्री राजेन्द्र राजपूत
(अध्यक्ष, न.पा.प. दीपका)
मा.श्री राज जायसवाल
(अध्यक्ष, न.पा.प.कटघोरा)
मा.श्री अजय जायसवाल
(अध्यक्ष, नगर पंचायत पाली)
मा.श्री पुरुषोत्तम कंवर
(पूर्व विधायक, कटघोरा वि.स.क्षेत्र)
मा.श्री अजय जायसवाल
(पूर्व उपाध्यक्ष, जिला पंचायत)
मा.श्री हरिश परसाई
(सांसद प्रतिनिधि)
मा.श्री रेशम लाल यादव
(राष्ट्रीय अध्यक्ष, एच.एम.एस.)
मा.श्री रामगोपाल डिक्सेना
(अध्यक्ष, सर्ववर्गीय जा. समाज)
मा.श्री जितेन्द्र जायसवाल
(अध्यक्ष, प्रगतिशील जा.क.कलार समाज)
मा.श्री मनोज राय
(प्रदेश अध्यक्ष, हैहय कल्चुरी क.स. छ.ग.)
मनोज महतो
प्रदेश उपाध्यक्ष
हैहय कल्चुरी कलार समाज छ.ग.
श्यामू जायसवाल
जिलाध्यक्ष
हैहय कल्चुरी कलार समाज कोरबा छ.ग.
मुकेश जायसवाल
जिला उपाध्यक्ष
हैहय कल्चुरी कलार समाज कोरबा छ.ग.
जन्मेजय जायसवाल
कार्यकारी जिलाध्यक्ष
हैहय कल्चुरी कलार समाज कोरबा छ.ग.
प्रदीप जायसवाल
जिला उपाध्यक्ष
हैहय कल्चुरी कलार समाज कोरबा छ.ग.
ओमप्रकाश जायसवाल
जिला सचिव
हैहय कल्चुरी कलार समाज कोरबा छ.ग.
ज्ञान जायसवाल
जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ट
हैहय कल्चुरी कलार समाज कोरबा छ.ग.
कांशी जायसवाल
सदस्य
जायसवाल कलार समाज दीपका
रामू जायसवाल
सदस्य
जायसवाल कलार समाज दीपका
प्रीतम जायसवाल
सदस्य
जायसवाल कलार समाज दीपका
सुजीत चौकसे
सदस्य
जायसवाल कलार समाज दीपका
भौनेन्द्र डहरवाल
सदस्य
जायसवाल कलार समाज दीपका
गुलशन जायसवाल
सदस्य
जायसवाल कलार समाज दीपका
दिनेश जायसवाल
सदस्य
जायसवाल कलार समाज दीपका
सुनील जायसवाल
सदस्य
जायसवाल कलार समाज दीपका
नंदन वंदन अभिनन्दन...
कुंती जायसवाल
जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ट
हैहय कल्चुरी कलार समाज कोरबा छ.ग.
मंजू जायसवाल
उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ट
हैहय कल्चुरी कलार समाज कोरबा छ.ग.
आरती महतो
सचिव महिला प्रकोष्ट
हैहय कल्चुरी कलार समाज कोरबा छ.ग.
रेखा जायसवाल
उपसरपंच
ग्राम पंचायत हरदीबाजार, कोरबा छ.ग.
प्रीति जायसवाल
कार्यकारिणी सदस्य
हैहय कल्चुरी कलार समाज कोरबा छ.ग.
अल्पना जायसवाल
पंच
ग्राम पंचायत झाबर, कोरबा छ.ग.
प्रीति जायसवाल
कार्यकारिणी सदस्य
हैहय कल्चुरी कलार समाज कोरबा छ.ग.
मंजू जायसवाल
कार्यकारिणी सदस्य
हैहय कल्चुरी कलार समाज कोरबा छ.ग.
मालती जायसवाल
कार्यकारिणी सदस्य
हैहय कल्चुरी कलार समाज कोरबा छ.ग.
वंदना चौकसे
कार्यकारिणी सदस्य
हैहय कल्चुरी कलार समाज कोरबा छ.ग.
समस्त जायसवाल कलार समाज दीपका, कोरबा

## भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन

# केंद्र व राज्य सरकार शिक्षा स्वास्थ्य सांस्कृतिक संरक्षण के लिए कर रही कार्य : देवांगन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र और राज्य सरकार जनजातीय समाज के शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, वनाधिकार तथा सांस्कृतिक संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि जनजातीय क्षेत्रों में विकास की रफ्तार तेज हुई है और शासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक सरलता से पहुँचे।

उक्त बातें भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर राजीव गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का संदेश (पाती) उपस्थित जनसमूह को पढ़कर सुनाया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के नर्मदा से वर्चुअली आमजनों को संबोधित कर जनजाति गौरव दिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास किया। जिसके अंतर्गत जिले में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय रामपुर एवं पीएम जनमन के तहत केराकछार में बहुउद्देशीय केन्द्र निर्माण कार्य शामिल है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा स्वीकृत इन परियोजनाओं से शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और जनजीवन से जुड़े अनेक क्षेत्रों में गति आएगी, जिससे जनजातीय समुदाय के जीवन स्तर में महत्वपूर्ण सुधार होगा। कार्यक्रम को महापौर श्रीमती राजपूत ने भी संबोधित किया। कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में अंग्रेजीषासन के विरूद्ध उन्होंने कठिन परिस्थितियों में लड़ाई लड़ी। आदिवासी संस्कृति, पारंपरिक रीति रिवाज की रक्षा हेतु जनजातियों को जागृत किया। इस दौरान 10वीं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्षन करने वाले जनजाति वर्ग के छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

### शहीद जवानों के परिजनों को भी किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में जनजातीय समाज के प्रमुख सदस्यों का सम्मान भी किया गया। गोड़ समाज के अध्यक्ष केआर राज, अघरिया समाज के धनसिंह, बिंझवार समाज के चन्द्रभूषण सिंह, कोरवा समाज के तिलक राम, भारिया समाज के विजय कुमार, कंवर समाज के भुवन सिंह एवं सिदार समाज के श्री जोगी लाल सिदार को मुख्य अतिथियों द्वारा को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही शहीद जवानों के परिजनों को शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

## कार्तिकेश्वर उत्सव आनंद मेले का आयोजन

**मड़वारानी।** कार्तिकेश्वर उत्सव आंनद मेला का आयोजन ग्राम पसरखेत में किया गया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमति सावित्री अजय कंवर सभापति जिला पंचायत सम्मिलित हुए। इस अवसर पर श्रीमति बिजमोती अभिमन्यु राठिया जनपद अध्यक्ष, श्रीमती रेणुका राठिय जिला पंचायत सदस्य, सरपंच पसरखेत वासुदेव राठिया मंचस्थ रहे। इस मौके पर श्रीमती फलमति समय लाल राठिया, श्याम बरन राठिया, फिरतन विश्वकर्मा, रोहन कंवर, संतराम राठिया, श्रीमती कुंती भानु राठिया, बाबू लाल राठिया, श्रीमती कवित्री श्याम लाल, नुकेश राठिया, किशन राठिया, चमार सिंह कंवर, फूलसरी, हीरा सिंह राठिया, महेंद्र राठिया, सावित्री राठिया शामिल रहे। इस दौरान रात्रिकालीन नाटक प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार 41 हजार रुपये एवं शील्ड, दूसरा पुरुस्कार 31 हजार रुपये एवं शील्ड तृतीय 21 हजार रुपये।एवं शील्ड और सुआ नृत्य एवं रामायण प्रतियोगिता, कर्मा नृत्य, मटका फोड़, दोना पत्तल प्रतियोगिता रखा गया था।

# गर्भवती माताओं में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की प्राथमिकता से करें पहचान : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने टीबी-कुष्ठ उन्मूलन, सिकलसेल जॉच, एचआरपी, मातृस्वास्थ्य, प्रसव, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार कल्याण, आयुष, आरबीएसके, एनआरसी सहित विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं विभागीय कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिले में नए स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण की स्वीकृति उपरांत आवश्यकता वाले स्थानों पर नए स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण हेतु विभाग को परीक्षण कर प्रस्ताव देने के निर्देश दिए। साथ ही दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों हेतु निर्मित किए जा रहे आवासीय भवन निर्माण कार्य में भी प्रगति लाने के निर्देश दिए। यथास्थानों में पेयजल आपूर्ति का कार्य भी शीघ्रता से पूर्ण कराने की बात कही। कलेक्टर ने सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मानव संसाधन की उपलब्धता के सम्बंध में जानकारी लेते हुए जिले के दूरस्थ क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी उपरोड़ा में जल्द से जल्द शैल्य क्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमएचओ को इस हेतु कार्ययोजना तैयार कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही दूरस्थ क्षेत्रो में पदस्थ चिकित्सकों की अन्य केंद्रों में संलग्न नही करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए अनिवार्य रूप से लक्ष्यपूर्ति करने के निर्देश दिए। इस हेतु फील्ड पर स्क्रीनिंग, सैंपल कलेक्ट करने एवं जांच करने का कार्य गम्भीरता से पूर्ण करने के लिए कहा।

### प्रसव कार्य में लापरवाही सीएचओ को नोटिस

कलेक्टर ने कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही बरतने पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कोरबा के उप स्वास्थ्य केंद्र उरगा एवं पाली ब्लॉक के उप स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी में संस्थागत प्रसव की उपलब्धि शून्य होने के कारण दोनों केंद्रों के सीएचओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। एनआरसी की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी केंद्रों में सौ प्रतिशत बेड आक्यूपेंसी सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने विभिन्न टीकाकरण कार्यक्रमो की भी समीक्षा करते हुए समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की शतप्रतिशत उपलब्धि हासिल करने अधिकारियों को निर्देशित किया।

## दमखांचा ने तेंदूभांठा को 33 रनों से हराकर फाइनल पर किया कब्जा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

ग्राम भैसामुड़ा में टेट्रान बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन लगातार 5 वर्षों से किया जा रहा है। प्रतियोगिता के फ़ाइनल मैच के मुख्य अतिथि श्रीमती चंदा चतुरलाल कश्यप सभापति जनपद पंचायत करतला, आनंद कुमार बिंझवार सरपंच ग्राम पंचायत भैसामुड़ा ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके पश्चात टास किया गया। फ़ाइनल मैच दमखांचा विरुद्ध तेंदूभाठा (मड़वा) के मध्या खेला गया। दमखांचा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। दमखांचा के टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 63 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। वहीं तेंदुभाठा (मड़वा) की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 8 ओवरों में 29 रन ही पर सिमट गई। इस तरह 33 रनों से दमखांचा जीत हासिल किया। इस मैच को देखने के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी पहुंचे थे। टेट्रान बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 15001 रुपए ग्राम पंचायत भैसामुड़ा के सरपंच द्वारा दिया गया। द्वितीय पुरुस्कार 10001 रूपए श्रीमती चंदा चतुरलाल कश्यप सभापति जनपद पंचायत करतला के द्वारा दिया गया।

## सर्वमंगला नगर दुरपा में आयोजित भागवत कथा का हुआ विश्राम



**कोरबा।** सर्वमंगला नगर दुरपा में आयोजित अष्ठम दिवस की कथा में श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिवस के दिन राष्ट्रीय भगवताचार्य महराज रमाकांत आचार्य ने कहा कि मनुज बलि नहीं होत है होत समय बलवान, भिल्लन लूटी गोपिका वहीं अर्जुन वही बाण। शास्त्रों में विदित है की जब श्रीकृष्ण वैकुण्ठ जा रहे थे तो अपनी 16 हजार पटरानियों को हस्तिनापुर पहुंचाने की जिम्मेवारी अर्जुन पर छोड़ गए थे और जब अर्जुन उनको द्वारिका से हस्तिनापुर ला रहे थे, तो बीच सफर में ही भीलों ने उन पटरानियों का अपहरण कर लिया। वहीं गांडीव धनुष धारी अर्जुन जो महाभारत में सब को परास्त करने का पराक्रम रखता था और यहां कुछ भी नहीं कर पाया। क्योंकि वहीं अर्जुन और उसका सामर्थ्य बिना ईश्वर की कृपा और उनके साथ के असहाय बलहीन और पराजित हो गया। कार्यम्रम में मुख्य रूप से भरत अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, राजकमल सोनी, दुर्गेश राठौर, योगेश, गौरव, शुभम, राजा सिंह सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बाल मानस विद्या मंदिर में अभिभावक बैठक

**कोरबा।** आईटीआई रामपुर में स्थित बाल मानस विद्या मंदिर रामपुर में शनिवार को अभिभावक बैठक रखा गया। जिसमें विद्यालय की प्राचार्या, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी के साथ पालकगण उपस्थित रहे। अभिभावक श्रीमती अंजू साहू के द्वारा दीप प्रज्वलित करके पूजन कार्य किया गया। मंच का संचालन सुश्री उमा चौहान के द्वारा किया गया। विद्यालय में विभिन्न बातों पर चर्चा की गई बच्चों की अर्धवार्षिक परीक्षा के संबंध में, कॉपी पूरी करने के संबंध में अभिभावकों से चर्चा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या सुश्री जया मिश्रा ने सभी संबोधित किया। बाल दिवस पर आयोजित विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। शारीरिक स्वास्थ्य एवं स्वाध्याय के द्वारा मानसिक बौद्धिक सामर्थ्य की वृद्धि के लिए अध्ययन के प्रति समर्पण एवं समय के सदुपयोग के लिए बच्चों को प्रेरित किया गया।

कोरबा मार्केट






## खबर संक्षेप

### अवैध कबाड़ कारोबार पर रोक लगाने की मांग, पुलिस अधीक्षक को सौंपा आवेदन

**कोरबा।** जिले में अवैध कबाड़ कारोबार पर कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर गुलाम मोहम्मद ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत की है। पुलिस अधीक्षक को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जिले में प्रशासनिक प्रतिबंध और पुलिस अधीक्षक के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कई क्षेत्रों में धड़ल्ले से अवैध कबाड़ का कारोबार किया जा रहा है। आवेदक ने बताया कि पावर हाउस रोड निवासी होने के नाते उन्हें जानकारी मिली है कि जिले में कबाड़ का अवैध व्यापार प्रतिबंधित है फिर भी मानिकपुर, ईतवारी बाजार, दर्री, रजगामार, राताखार, खरमोरा सहित कई स्थानों पर यह कारोबार खुलेआम संचालित किया जा रहा है। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि राताखार क्षेत्र में अवैध रूप से एक यार्ड तक बना दिया गया है, जिससे संचालकों में पुलिस कार्रवाई का कोई भय नहीं दिखता। गुलाम मोहम्मद ने जिले में संचालित चौकी व थाना क्षेत्रों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए कोई प्रभावी प्रयास नहीं किए जा रहे हैं, जिसके चलते इस तरह का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अवैध व्यापार से शासन को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है तथा आपराधिक प्रवृत्ति के लोग सक्रिय होकर चोरी जैसे अपराधों को बढ़ावा दे रहे हैं।

### राताखार बाईपास मार्ग पर बनेगा मटन मार्केट

**कोरबा।** कोरबा जोन में अनियंत्रित रूप से लगने वाली मांस मछली की दुकानों को व्यवस्थित करने तथा सड़क पर मांस मछली की दुकानों से आमजन को होने वाली असुविधा को दूर करने के मद्देनजर निगम द्वारा राताखार बाईपास मार्ग पर मटन मार्केट का निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त प्रस्तावित स्थल का कलेक्टर अजीत वसंत ने निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल पर स्थित गड्ढे को राखड़ फिलिंग के माध्यम से पाटने के निर्देश देते हुए कहा कि विभिन्न विद्युत संयंत्रों से इसके लिए चर्चा कर गड्ढें को समतल स्वरूप दें एवं मटन मार्केट निर्माण के संबंध में कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

### डॉग शेल्टर हाउस का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**कोरबा।** प्रगतिनगर दर्री में डॉग शेल्टर हाउस स्थापित किया जाना हैं, जिसके अंतर्गत प्रथम चरण में वहॉं पर स्थित पुराने भवन का रेनोवेशन कर स्ट्रीट डॉग के बधियाकरण, टीकाकरण आदि की व्यवस्था होगी। परिसर को बाउण्ड्रीवाल के माध्यम से सुरक्षित किया जाएगा। इसके साथ ही दूसरे चरण में शासन द्वारा निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप डॉग हाउस का निर्माण एवं वहॉं पर भोजन पानी की व्यवस्था की जाएगी। उक्त डॉग शेल्टर में स्ट्रीट डॉग विशेषकर ऐसे डॉग जो ज्यादा एग्रेशिव होते हैं तथा आमनागरिकों के लिए खतरा बन सकते हैं, उन्हें वहॉं सुरक्षित रखा जाएगा। कलेक्टर अजीत वसंत ने स्थल का निरीक्षण किया, डॉग शेल्टर हाउस में की जाने वाली विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की, अधिकारियों का मार्गदर्शन किया तथा एक पशुचिकित्सक को उक्त शेल्टर में अटैच किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

### चुनेश ने यूनिवर्सिटी के टॉप 3 में बनाई जगह



**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालयर द्वारा घोषित एलएलबी परीक्षा परिणाम में जिले के होनहार विद्यार्थी चुनेश महंत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 3 हजार में से 2128 अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में तृतीय स्थान तथा जेबी पीएस लॉ कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने टॉप-10 मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर जिले एवं महाविद्यालय का नाम रौशन किया है। चुनेश सांसद प्रतिनिधि पोषक दास महंत के पुत्र हैं। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में समाज और न्याय व्यवस्था के क्षेत्र में सार्थक योगदान देने के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे।

### जिले में संचालित है 16 पीएमश्री स्कूल, जिन्हें मॉडल बनाने का मिला है निर्देश

# पीएमश्री स्कूलों में सुविधाओं की दरकार फिर भी मॉडल स्कूल बनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में संचालित 16 पीएमश्री स्कूल को मॉडल बनाने की तैयारी भले ही चल रही है किंतु इन स्कूलों में सामान्य संसाधनों जैसी सुविधाएं भी मुहैय्या नहीं है इतना ही नहीं अभी भी इन स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की भी दरकार बनी हुई है। ऐसी स्थिति में पीएमश्री स्कूलों को मॉडल बनाना एक टेढ़ी खीर साबित होगा।

जिले में चलने वाले 16 उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम के आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री स्कूल घोषित किया गया है और अब इन स्कूलों को मॉडल बनाने का निर्देश राज्य शासन से मिला है। इसके तहत इन स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक भी आहूत की गई है। जिसमें स्कूलों के परीक्षा परिणाम से लेकर वहां उपलब्ध संसाधनों के संबंध में प्राचार्यों से जानकारी ली गई थी इससे अधिकांश स्कूलों में संसाधनों की कमी का मामला प्रमुख रुप से सामने आया था जिसमें छात्र छात्राओं व शिक्षकों के लिए शौचालय तक की सुविधा सही रुप से व्यवस्थित नहीं थी। अधिकांश स्कूलों में आज तक लाइब्रेरी ही शुरु नहीं हो सकी है। सुरक्षा के लिए भी चौकीदार उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे तमाम मूलभूत सुविधाओं की दरकार झेल रहे पीएमश्री स्कूलों को मॉडल बनाने की तैयारी विभाग के द्वारा की जा रही है। इसके पूर्व भी स्कूलों के प्राचार्यों की जब जब बैठक हुई तब तब संसाधनों का मुद्दा हमेशा सामने आता रहा है।

#### खास बात

- नए भवन के साथ सभी अत्याधुनिक संसाधन कराए जाएंगे उपलब्ध



फाइल फोटो

#### 16 स्कूल बनाए जाएंगे मॉडल

जिले में 16 पीएमश्री स्कूलों को शासन की ओर से मॉडल बनाए जाने का निर्देश मिला है। उसके तहत शिक्षा विभाग ने इस दिशा में तैयारियां शुरु कर दी है। संसाधनो की जानकारी स्कूलों के प्राचार्यों से मांगी गई है।

- टी पी उपाध्याय, डीईओ

#### साडा कन्या उत्कृष्ट विद्यालय

शहर का साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ही एकमात्र ऐसा स्कूल है जहां कम्प्युटर लैब, ई लाइब्रेरी के साथ विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की पदस्थापना सहित अन्य सभी प्रकार के संसाधन स्कूल में मौजूद हैं। प्रत्येक बोर्ड परीक्षा के दौरान स्कूल का बेहतर परीक्षा परिणाम भी इस बात का प्रतीक है कि स्कूल के पढ़ाई का स्तर बेहतर ढंग से संचालित हो रहा है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा जिले के इस स्कूल को ही समन्वय केंद्र बनाया जाता है। मॉडल स्कूल की राह पर यही एक स्कूल है जो सरकार के मापदण्डों पर खरा उतर रहा है।

#### पूर्व में भी बने थे मॉडल स्कूल जो बदल गए डीएवी में

प्रदेश में 146 विकासखंडों में केंद्र सरकार के द्वारा 2004 में मॉडल स्कूल की शुरुआत की गई थी जिले में भी सभी 5 विकासखंड में एक एक मॉडल स्कूल संचालित हो रहे थे। इन स्कूलों में सीबीएसई माध्यम की पढ़ाई हुआ करती थी। ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब परिवारों के बच्चों के लिए अंग्रेजी माध्यम की निःशुल्क शिक्षा की एक बड़ी सुविधा हुआ करती थी। इन स्कूलों के भवन के लिए 3 करोड़ की लागत से नए भवन भी तैयार किए गए लेकिन तब तक प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होते ही मॉडल स्कूलों को बंद कर उनके स्थान पर मुख्यमंत्री डीएवी पब्लिक स्कूल शुरु कर दिए गए।

## प्रतीक्षा सूची से भरे जा रहे आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षकों के रिक्त पद



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षकों और गैर शिक्षक पदों के लिए 3 वर्ष पूर्व शिक्षित बेरोजगारों से भर्ती प्रक्रिया शुरु करते हुए मांगे गए आवेदनों से शुरु की गई भर्ती प्रक्रिया के तहत अभी भी प्राइमरी से लेकर हाईस्कूल तक शिक्षकों के रिक्त पद भरे नहीं जा सके हैं। पहले चरण में महज 57 अभ्यर्थियों ने ज्वाइनिंग दी थी जबकि 82 अभ्यर्थियों को इसके लिए बुलाया गया था।

पुराने आवेदनों से शुरु की गई भर्ती प्रक्रिया का परिणाम यह निकला है कि शिक्षा विभाग को भर्ती प्रक्रिया शुरु करने के बाद सभी पदों के लिए शिक्षक नहीं मिल रहे हैं। अधिकांश अभ्यर्थियों ने जो वर्ष 2023 में भर्ती हेतु आवेदन दिए थे उनमें से अधिकांश अभ्यर्थियों ने भर्ती प्रक्रिया शुरु नहीं होने की स्थिति पर अन्य स्थानों में ज्वाइनिंग ले ली है। कुछ शहर के ही निजी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं और अब अक्टूबर महीने से शिक्षा विभाग ने भर्ती प्रक्रिया शुरु की तो पहले चरण के लिए 82 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था जिसमें महज 57 पहुंचे। इस तरह 25 पद रिक्त रहे अब पुनः उन रिक्त पदों पर अभ्यर्थियों की भर्ती करने के लिए प्रतिक्षा सूची से उन उम्मीदवारों को बुलाया जा रहा है जो अंकों के आधार पर प्रतिक्षा सूची में स्थान पाए हैं। ऐसे 26 लोगों को बुलावा पत्र भेजा गया है। 6 पद अभी भी रिक्त हैं जिनमें अंग्रेजी और संस्कृत के पद प्रमुख हैं।

#### खास बात

- पहले चरण में 57 अभ्यर्थियों ने दी थी ज्वाइनिंग, दूसरे चरण में 26 को फिर भेजा गया बुलावा पत्र

## नौकरी बदलने पर अब एक सप्ताह में ट्रांसफर होगा पीएफ खाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नौकरी बदलने पर पुराने भविष्य निधि (पीएफ) खाते की धनराशि को नए खाते में भेजने के लिए अब ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय पीएफ खाते की धनराशि को ट्रांसफर करने की प्रक्रिया को अब समयबद्ध करने जा रहा है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन नए सॉफ्टवेयर सिस्टम 3.0 के तहत कोर बैंकिंग जैसी सुविधा प्रदान करेगा, जिसके तहत आवेदन के 3 से 7 कार्य दिवस में पुराने खाते की धनराशि नए खाते में ट्रांसफर होगी।

बताया जा रहा है कि इस प्रक्रिया को लेकर चल रहा परीक्षण अभी तक सफल रहा है, जिसमें ईपीएफओ 3.0 के लागू होने पर शुरू कर दिया जाएगा। शुरू में धनराशि ट्रांसफर की अवधि अधिकतम 7 दिन रहेगी, लेकिन उसके बाद इसे घटाया जाएगा। भविष्य में रियल टाइम ट्रांसफर प्रक्रिया को भी अपनाया जाएगा, जिसमें तत्काल से लेकर अधिकतम 24 घंटे के अंदर धनराशि नए खाते में ट्रांसफर की जाएगी। नियमों के तहत नौकरी बदलने पर अपनी भविष्य निधि को नए खाते में ट्रांसफर कराना जरूरी है। अगर कोई खाता तीन वर्ष तक सक्रिय नहीं रहता है तो उस पर मिलने वाला सालाना ब्याज बंद हो जाता है। ईपीएफओ की योजना के हिसाब से फरवरी 2026 तक आधार कार्ड नंबर और यूनिवर्सल एकाउंट नंबर (यूएएन) के जरिए आसानी से पीएफ राशि को नए खाते में भेज पाएंगे। केवाईसी होने के बाद प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी। अभी तक ट्रांसफर के लिए आवेदन करने के बाद पुराने और नए नियोक्ता का सत्यापन किया जाता है, जिसके बाद धनराशि को ट्रांसफर किया जाता है। इस प्रक्रिया में समय लगता है लेकिन कोर बैंकिंग व्यवस्था के तहत सिस्टम को यह पता रहेगा कि पुराने पीएफ खाते में कितनी धनराशि थी और कर्मचारी ने नई नौकरी कब शुरू की है।

#### खास बातें

- आवेदन के 7 दिन के भीतर पुराने खाते की धनराशि आएगी नये खाते में
- भविष्य में रियल टाइम ट्रांसफर की सुविधा होगी शुरु




### खेतों से खलिहान तक गूंज रही खुशियों की फसल

**कोरबा।** ग्राम पतरापाली के किसान राजाराम राठिया के चेहरे पर इन दिनों खुशी झलक रही है। कुछ महीने पहले तक जो चेहरे चिंता की लकीरों से भरे थे, अब वही चेहरे मेहनत की फसल देखकर खिल उठे हैं। पहाड़ी इलाके में कठिन परिश्रम कर खेत जोतने और धान बोने वाले किसान राजाराम को अब राहत है कि इस साल बारिश ने उनका साथ दिया। राजाराम बताते हैं कि जून-जुलाई के महीनों में विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने बीज बोए थे, लेकिन दिल में यह डर भी था कि कहीं बारिश धोखा न दे। उनकी मेहनत रंग लाई - खेत लहलहा उठे और अब वे पकी फसल की कटाई कर खलिहान तक पहुंचाने में जुटे हैं। किसान राजाराम राठिया कहते हैं कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल कर देना हम किसानों के लिए बहुत बड़ा तोहफा है। इसके साथ ही प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान खरीदी का निर्णय किसानों को आर्थिक संबल देगा। लगभग 20 एकड़ में फसल लेने वाले राजाराम ने बताया कि कटाई का काम अंतिम चरण में है और जल्द ही वे अपनी उपज कोरकोमा धान उपार्जन केंद्र में बेचेंगे।

## शासकीय महाविद्यालय दीपका में उच्च शिक्षा व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोयला और कोलवाशरी से प्रभावित आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र दीपका (झाबर) स्थित शासकीय महाविद्यालय की दयनीय स्थिति पर ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने गहरी चिंता व्यक्त की है। समिति ने शनिवार को कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज न्यास प्रबंधन समिति और अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एसईसीएल को ज्ञापन सौंपकर महाविद्यालय की मूलभूत समस्याओं के तत्काल समाधान और जिला खनिज न्यास तथा एसईसीएल की सीएसआर निधि के अनिवार्य उपयोग की मांग की है। समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने बताया है कि यह महाविद्यालय वर्ष 2008 में स्थापित हुआ था, किंतु आज भी यह न्यूनतम सुविधाओं से वंचित है। सबसे गंभीर विषय यह है कि महाविद्यालय में कुल 345 छात्रों में से 280 छात्राएं हैं, जबकि परिसर में बाउंड्रीवॉल, इंट्री गेट का नितांत अभाव है। मुख्य मार्ग से 100 मीटर तक की सड़क संकरी और जर्जर है यह सीधे तौर पर हमारी बेटियों की सुरक्षा को खतरे में डालता है और उनके उच्च शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि यह कॉलेज मात्र 5 स्थायी और 5 अतिथि प्राध्यापकों के भरोसे चल रहा है। विषयवार व्याख्याताओं की कमी के कारण 900 स्वीकृत सीटों में से लगभग 555 सीटें खाली रह जाती हैं, जो उच्च शिक्षा के प्रति स्थानीय छात्रों की विमुखता को दर्शाता है। इसके अलावा स्पोर्ट्स शिक्षक, कंप्यूटर ऑपरेटर, लैब और लाइब्रेरी कर्मचारियों के सभी पद रिक्त पड़े हैं। समिति ने सीधे तौर पर डीएमएफ और एसईसीएल प्रबंधन पर जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की है। यह क्षेत्र कोयला खदानों और कोलवाशरी से सीधे प्रभावित है बेलटिकरी, झाबर, दीपका सहित अनेकों विस्थापित ग्राम आते हैं। नियमानुसार डीएमएफ और सीएसआर निधि का प्राथमिक उद्देश्य ऐसे क्षेत्रों में शिक्षा और बुनियादी ढांचे में सुधार करना है। बावजूद इसके इस महाविद्यालय को लगातार उपेक्षित किया जा रहा है।

### सतनामी युवा कल्याण समितिति ने बिलासपुर पुलिस का जताया आभार

**कोरबा।** मध्यप्रदेश से पहुंचे कथावाचक आशुतोष चैतन्य महाराज के द्वारा कथा वाचन के दौरान सतनामी समाज के प्रति की गई अशोभनीय टिप्पणी को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत विभिन्न जिलों में सतनामी समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक एवं प्रदेश के गृह मंत्री के साथ ही मुख्यमंत्री मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा कर दोषियों पर कार्यवाही कर गिरफ्तार करने की मांग की गई थी। जिसके फलस्वरुप बिलासपुर पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दोषियों को गिरफ्तार कर लिया है। अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े ने बिलासपुर पुलिस अधीक्षक के साथ ही प्रदेश के गृह मंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है।

## सफाई कर्मी से मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएसईबी पुलिस चौकी ने सफाई कर्मी से मारपीट करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर सफाई कर्मी से मारपीट की और फिर उसका मोबाइल व रुपए लूट लिए थे। मामले में पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सीएसईबी चौकी अंतर्गत यह घटना तीन दिन पहले घटित हुई थी। सफाई कर्मी अपना काम निपटाकर रात्रि को घर लौट रहा था। बुधवारी इलाके में पांच अराजक तत्वों ने उसे रोका। उनके चेहरे पर नकाब बंधे हुए थे। उन्होंने शराब पीने के लिए रुपए की मांग की। सफाई कर्मी ने इनकार किया तो मौके पर ही उसके साथ जमकर मारपीट की गई। इतना ही नहीं उसके जेब में रखे मोबाइल और पर्स से रुपए निकाल लिए थे और उसे धमकी देते हुए विरोध करने या पुलिस में शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। इसके बाद पीडित को बेसुध स्थिति में छोड़कर आरोपी फरार हो गए। पास में लगे सीसीटीवी में यह पूरा मामला कैद हो गया। घटना के अगले दिन पुलिस को सूचित किया गया जिसके बाद पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर कार्यवाही में जुटी हुई थी। पुलिस ने मौके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और वीडियो को बारीकी से देखा। इस आधार पर ढोढ़ीपारा इलाके से तीन आरोपियों को खोज निकाला गया। उनसे दो और साथियों के बारे में जानकारी ली जा रही है जो घटनाक्रम के दौरान मौजूद थे।

## पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ने एनटीपीसी कर्मी से की मारपीट, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** एनटीपीसी संयंत्र के राखड़ बांध में शिफ्ट ड्यूटी कर रहे एनटीपीसी कर्मचारी से जनपद पंचायत अध्यक्ष के पति और पूर्व उपाध्यक्ष गोविंद सिंह कंवर ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित कर्मचारी ने कटघोरा पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। ग्राम पंचायत धनरास निवासी अगहन सिंह ने थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा है कि 12 नवम्बर की शाम वह धनरास स्थित राखड़ बांध में सेकंड शिफ्ट में काम पर तैनात था। लगभग शाम 5 से 6 बजे के बीच सलिहाभांठा निवासी पूर्व जनपद उपाध्यक्ष एवं वर्तमान जनपद पंचायत अध्यक्ष पति गोविन्द्र सिंह कंवर बाइक से वहाँ आया। जिसके बाद गोविन्द सिंह कंवर ने बिना किसी कारण के गाली-गलौज शुरू कर दी, और उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगा। अगहन सिंह ने शिकायत में कहा कि कंवर ने शासकीय भूमि को अपनी संपत्ति बताते हुए अपनी राजनीतिक पहुँच का रौब दिखाया है। जब अगहन सिंह ने विरोध किया तो जनपद अध्यक्ष पति द्वारा उनके साथ मारपीट की गई।






### विद्युत पावर लीग क्रिकेट मैच का आयोजन

## वीपीसीएल में कोरबा पश्चिम व अंबिकापुर ने दर्ज की अपनी पहली जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत पावर क्रिकेट लीग के रोमांचक सफर में 8वां और 9वां मुकाबला खेला गया। जिसमें रायपुर सेंट्रल ने एक ही दिन में दो मैच खेले। दोनों मुकाबलों में टीम को कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

पहले हाफ में खेले गए मुकाबले में रायपुर सेंट्रल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का निर्णय लिया। एचटीपीएस कोरबा पश्चिम ने शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 204 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें पवन शर्मा ने 97 रन और वरूणदेंद्र दीक्षित ने 57 रन बनाये। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए रायपुर सेंट्रल मात्र 69 रन पर ऑल आउट हो गई। गेंदबाज़ी में देवेंद्र वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट झटके। एचटीपीएस कोरबा पश्चिम ने मैच 135 रनों से जीता और पवन शर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे हाफ में खेले गए मुकाबले में रायपुर सेंट्रल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का फैसला लिया। टीम ने सजग शुरुआत करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 148 रन बनाए। जिसमें आनंद वर्मा ने 55 रन और सौरभ राय ने नाबाद 55 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अम्बिकापुर क्षेत्र की टीम ने बेहद संतुलित बल्लेबाज़ी का प्रदर्शन किया। राजेश यादव ने 69 रनों की शानदार पारी खेलते हुए टीम को 18.1 ओवर में 149/3 तक पहुँचा दिया। परिणाम स्वरुप अम्बिकापुर क्षेत्र ने मुकाबला 7 विकेट से जीत लिया और राजेश यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अंपायर की भूमिका राहुल यादव, ध्रुव कुमार, नमन निराला और विक्की सैनी ने निभाई। स्कोरिंग एवं कमेंट्री का कार्यभार संतोष सिंह, सागर देवांगन, घनश्याम साहू, सुधेश्वर देवांगन और पवन दास ने निर्वाहन किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला के ओलिंपिक सचिव सुरेश क्रिस्टोफर और रायपुर सेंट्रल के कप्तान रोहित वर्मा उपस्थित रहे।



विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत करते अतिथि।





